कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

संख्याः– 1409 / FP/UK/ROAD/11142/2015 देहरादूनः दिनांकः 28 नवम्बर, 2019

सेवा में,

सचिव,
वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4,
उत्तराखण्ड शासन।

**विषयः– जनपद–पौडी गढवाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत नौडखाल–माला कोटा मोटर मार्ग से सिरासु मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 9.541 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विकास विभाग को हस्तान्तरण।**

**(Online Proposal No - FP/UK/ROAD/11142/2015)**

महोदय,

उपरोक्त विषयक परियोजना हेतु अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड़, पी0एम0जी0एस0वाई, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल द्वारा वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत **9.541** हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव ऑनलाईन प्रेषित किया गया है। प्रस्ताव पर राजस्व विभाग/प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैन्सडौन, पौड़ी एवं निदेशक/वन संरक्षक, राजाजी टाइगर रिजर्व, लैन्सडोन द्वारा भी सहमति प्रदान की गयी है। यह भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि उक्त वन भूमि National park/Santuary/Tiger Reserve का हिस्सा है। प्रमाणपत्र छायाप्रति में संलग्न है।

अतः प्रस्ताव के ऑनलाईन प्रपत्र भाग–**I** से भाग–**III** एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र भाग–**IV** पर संस्तुति कर संलग्न कर इस आशय से प्रेषित किये जा रहे हैं कि कृपया प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

28/11/19

(डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

संख्या / FP/UK/ROAD/41658/2019 तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, (उत्तर–मध्य क्षेत्र), 25 सुभाष रोड़, देहरादून को प्रस्ताव की मूल प्रति एवं पार्ट I से IV तक संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
2. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
3. मुख्य वन संरक्षक, गढवाल, पौड़ी।
4. निदेशक/वन संरक्षक, राजाजी टाइगर रिजर्व, देहरादून।
5. जिलाधिकारी, जनपद–पौड़ी/देहरादून।
6. प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैन्सडौन।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड़, पी0एम0जी0एस0वाई, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

(डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

# भाग–IV

(नोडल अधिकारी अथवा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अथवा अध्यक्ष, वन विभाग द्वारा भरे जाने के लिये)

परियोजना का नामः– जनपद–पौडी गढवाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत नौडखाल–माला कोटा मोटर मार्ग से सिरासु मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 9.541 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु ग्राम्य विकास विभाग को हस्तान्तरण।

**(Online Proposal No - FP/UK/ROAD/11142/2015)**

जनपद–पौडी गढवाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत नौडखाल–माला कोटा मोटर मार्ग से सिरासु मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 9.541 हे0 वन भूमि का ग्राम्य विकास विभाग को हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रस्ताव में **4.045** हे0 आरक्षित वन भूमि एवं **5.496** हे0 सिविल सोयम वन भूमि अर्थात कुल 9.541 हे0 वन भूमि का हस्तान्तरण निहित है। प्रस्ताव पर राजस्व विभाग, जनपद–पौड़ी/प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैन्सडौन एवं निदेशक/वन संरक्षक, राजाजी टाइगर रिजर्व, देहरादून द्वारा भी प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी है। यह भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि उक्त वन भूमि National park/Santuary/Tiger Reserve का हिस्सा है प्रमाणपत्र संलग्न है।

अतः प्रस्ताव पर वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु संस्तुति प्रदान की जाती है।

नाम व पदनामः
हस्ताक्षरः

(डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

(D. J. K. Sharma)
APCCF & NODAL OFFICER (FC)
UTTARAKHAND, DEHRADUN

सरकारी मोहरः

तिथि : 28/11/2019
स्थान : देहरादून